दिनांक : 07.02.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार तुष्टिकरण पर नहीं बल्कि संतुष्टिकरण पर काम कर रही है।
- मप्र विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च से, 11 से 13 मार्च के बीच हो सकता है बजट पेश।
- राष्ट्रीय खेलों में 18 स्वर्ण सहित 38 पदकों के साथ मप्र पदक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंचा।
- उत्तर भारत में बर्फबारी होने से प्रदेश एक बार फिर सर्द हवाओं की चपेट में।

प्रधानमंत्री धन्यवाद प्रस्ताव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार के विकास के मॉडल में राष्ट्र प्रथम है, जबकि तुष्टिकरण पर नहीं बल्कि संतुष्टिकरण पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि लोगों ने यह मॉडल परख लिया है, समझ लिया है और इसे समर्थन दिया है इसलिए उनकी सरकार को तीसरी बार जनादेश मिला है। प्रधानमंत्री ने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का उत्तर देते हुए राज्यसभा में यह बात कही।

श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने कौशल विकास, वित्तीय समावेशन और औद्योगीकरण को प्राथमिकता का क्षेत्र माना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए सरकार के प्रयासों का भी उल्लेख किया।

मप्र बजट सत्र

मप्र विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च से शुरू होगा। 24 मार्च तक चलने वाले सत्र में नौ बैठकें होंगी। बजट सत्र की अधिसूचना जारी कर दी गई है। 11 से 13 मार्च के बीच बजट पेश किया जा सकता है। विधानसभा में डॉ. मोहन यादव सरकार का यह पहला पूर्ण बजट होगा। राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अभिभाषण के साथ सत्र शुरू होगा। इसी दिन अभिभाषण पर कृतज्ञता प्रस्ताव भी आएगा। इसके बाद 11 से 13 मार्च तक सदन में बैठक और विधेयकों पर चर्चा होगी।

मांडविया-ईपीएफओ

श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने घोषणा की है कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन-ईपीएफओ ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में पांच करोड़ से अधिक दावों का निपटारा कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष में स्वतः दावा समझौते की संख्या दोगुनी होकर एक करोड़ 87 लाख पहुंच गई हैं।

नया टाइगर रिजर्व

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को जल्द ही एक नया टाइगर रिजर्व मिलने वाला है। माधव टाइगर अभ्यारण्य जल्द ही राज्य का 9वां टाइगर रिजर्व बनेगा। इससे चंबल अंचल में वन्य जीवों की संख्या बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि यह वन्य जीवों के संरक्षण के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह इस बात का प्रमाण है कि मध्यप्रदेश में वन्यजीवों के लिए सबसे अनुकूल वातावरण है।

आजीविका मिशन कार्यशाला

मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना 2.0 और ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान 2.0 की वार्षिक कार्य योजना तैयार करने के लिए कल क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन इंदौर में किया गया। कार्यशाला में महाराष्ट्र, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात तथा पश्चिम बंगाल सहित प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। कार्यशाला के दौरान डीडीयू-जीकेवाई और आर-सेटी योजनाओं की मध्य प्रदेश में सफलता पर प्रकाश डालते हुए श्रीमती हर्षिका सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश में 1 लाख से अधिक युवाओं को डीडीयू-जीकेवाई के अंतर्गत प्रशिक्षित किया गया है। साथ ही राज्य के 52 आर-सेटी संस्थानों द्वारा 4 लाख से अधिक ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया हैं।

सूरजकुंड शिल्प मेला

हरियाणा के पर्यटन विभाग द्वारा आज से 23 फरवरी तक आयोजित किए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेला में इस बार मध्यप्रदेश थीम राज्य है। इस अवसर पर मेले में आने वाले देश-विदेश के सैलानियों को मध्यप्रदेश की संस्कृति, पर्यटन, कला, शिल्प देखने और पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लेने का अवसर मिलेगा।

अन्तर्राष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेले में मध्यप्रदेश की ओर से सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत लोक नृत्य-संगीत का प्रदर्शन होगा। सूरजकुंड शिल्प मेला में मध्यप्रदेश के 40 शिल्पकारों के पारंपरिक शिल्प प्रदर्शन सह विक्रय के लिए उपलब्ध होंगे। मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा मेला परिसर में विशेष मंडप भी बनाया गया है, जहां प्रदेश के पर्यटन के बारे में विस्तृत जानकारी पर्यटकों को दी जा सकेगी।

पशु टीकाकरण कार्यशाला

वन विभाग, वाइल्ड-लाइफ कंजर्वेशन ट्रस्ट और पशुपालन, डेयरी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वन्य-जीवों और घरेलू जानवरों के बीच संक्रामक रोग फैलने के जोखिम को कम करने के लिये सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के मड़ई में संक्रामक बीमारियों की मॉनीटरिंग और टीकाकरण के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वन्य-जीव-पशुधन इंटरफेस पर रोग निगरानी और टीकाकरण प्रयासों को मजबूत करने के लिये वन अधिकारी-कर्मचारियों, पशु चिकित्सकों, पैरावेटरिनेरियन और पशुधन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और गौ-सेवकों को एक साथ लाया गया है।

मौसम

उत्तर भारत में बर्फबारी होने से प्रदेश एक बार फिर सर्द हवाओं की चपेट में है। कई शहरों में कल 34 से 36 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चली। वहीं, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर में फरवरी में पहली बार दिन का तापमान 22 डिग्री सेल्सियस के नीचे आ गया। मौसम विभाग के मुताबिक, आज भी ऐसा ही मौसम रहेगा। शनिवार को तापमान में 2-3 डिग्री की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। कल भोपाल में 25 दशमलव 8 डिग्री, इंदौर में 23 दशमलव 5 डिग्री, ग्वालियर में 25 दशमलव 4 डिग्री और जबलपुर में 23 दशमलव 8 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

राष्ट्रीय खेल

उत्तराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश के खिलाड़ियों ने कल एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक हासिल किये. अब मप्र 18 स्वर्ण, 8 रजत और 12 कांस्य पदकों के साथ पदक तालिका में चौथे स्थान पर है। महिला कयाक क्रॉस स्लालम के सी-1 इवेंट में प्रदेश की करिश्मा दीवान ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया । पिथौरागढ़ में चल रही मुक्केबाजी स्पर्धा में भी मध्य प्रदेश के मुक्केबाजों का दबदबा देखने को मिला। महिला 54 किग्रा वर्ग में दिव्या पवार ने फाइनल में जगह बनाई। वहीं, पुरुष 92 किग्रा वर्ग में पारस ने खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया। शूटिंग में रजत पदक जीतने के बाद एश्वर्य प्रताप सिंह ने बताया कि ..

समाचार संक्षेप में .....

- रीवा स्थित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में आज पेसमेकर क्लीनिक का उप मुख्यमंत्री ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि रीवा में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में प्रारंभ की जा रही पेसमेकर क्लीनिक ह्रदय रोगियों के लिए वरदान होगी।
- इंदौर में आगामी परीक्षाओं के मद्देनजर कलेक्टर आशीष सिंह ने डीजे-लाउड स्पीकर पर पर प्रतिबंध लगा दिया है। फरवरी माह में सभी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी, जो अप्रैल तक चलेंगी।
- डिंडोरी में कलेक्टर ने जिले में सडक दुर्घटनाओं को कम करने के उद्दे श्य से समस्त यात्री एवं मालयान वाहनों के लिए आवश्यक दस्तावेज, आवश्यक सुरक्षा उपकरणों का पालन सुनिश्चित के लिए निर्देश जारी किए हैं।
- सतना में कल चित्रकूट विकास प्राधिकरण की चित्रकूट के समग्र विकास की कार्ययोजना और वर्तमान में चल रहे विकास कार्यो की गहन समीक्षा की गई।
- शिवपुरी में आजाद हिंद फौज के कर्नल पद्मभूषण गुरुबख्श सिंह ढिल्लन की 19वीं पुण्यतिथि उनके समाधि स्थल हातोद में मनाई गई।
- खंडवा में 18 फरवरी से 18 मार्च तक दस्तक अभियान के द्वितीय चरण में स्वास्थ्य, आशा व आगंनवाड़ी कार्यकर्ता 5 वर्ष तक के बच्चों की सेहत की घर-घर जाकर जांच करेंगे।